‘तेजस’ कौशल प्रशिक्षण परियोजना

हाल ही में [दुबई एक्सपो, 2020](#) में विदेशों में रह रहे भारतीयों को प्रशिक्षित करने के लिये कौशल भारत अंतर्राष्ट्रीय परियोजना‘**तेजस**’ (**अमीरात में नौकरियों और कौशल के लिये प्रशिक्षण**) की शुरुआत की गई।

परियोजना का उद्देश्य:

- भारतीयों का कौशल, प्रमाणन और विदेशों में रोज़गार।
- यूएई में बाज़ार की आवश्यकताओं के अनुसार **भारतीय कामगारों को कौशल प्रशिक्षण** प्रदान करना।
- प्रारंभिक चरण के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में **10,000 भारतीयों का मज़बूत कार्यबल** तैयार करना।

इस तरह की पहल की आवश्यकता क्यों?

- **युवाओं की क्षमता के दोहन हेतु:**
  - राष्ट्र निर्माण और देश की छवि निखारने, दोनों में ही **युवा सबसे बड़े हितधारक** हैं।
  - भारत का उद्देश्य युवा आबादी को **कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर दुनिया को एक बड़े कुशल कार्यबल उपलब्ध** कराना है।
- **बढ़ती बेरोज़गारी से निपटने के लिये:**
  - वर्ष 2020 में भारत की बेरोज़गारी दर सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गई थी।
    - **दिसंबर 2021 में** भारत की बेरोज़गारी दर **7.9%** थी।
    - इसके लिये कोरोनावायरस महामारी-प्रेरित लॉकडाउन सहित कई कारक उत्तरदायी थे।
- **अर्थव्यवस्था में योगदान के लिये:**
  - जनवरी 2021 में विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, **अपस्किलिंग** (एक कर्मचारी का अतिरिक्त कौशल उन्नयन) में निवेश संभावित रूप से वर्ष 2030 तक**वैश्विक अर्थव्यवस्था को 6.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत की अर्थव्यवस्था को 570 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा सकता है।**
  - भारत में अपस्किलिंग के माध्यम से दूसरी सबसे बड़ी अतिरिक्त रोज़गार क्षमता विद्यमान है क्योंकि यह वर्ष 2030 तक 2.3 मिलियन नौकरियों को जोड़ सकती है, जो अमेरिका की 2.7 मिलियन नौकरियों के बाद दूसरा स्थान होगा।
- **अकुशल श्रमबल:**
  - UNDP की मानव विकास रिपोर्ट-2020 के अनुसार, भारत में वर्ष 2010-2019 की अवधि में केवल 21.1% कुशल श्रमबल था।
  - इस निराशाजनक परिणाम का कारण नीतिगत कार्रवाइयों में सामंजस्य की कमी और एकीकृत दृष्टिकोण की अनुपस्थिति है।

संबंधित पहल क्या हैं?

- इंडिया स्किल्स 2021
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY)
- पूर्व शिक्षण की मान्यता (RPL) कार्यक्रम
- राष्ट्रीय कॅरियर सेवा परियोजना
- आजीविका संवर्द्धन हेतु कौशल अधिग्रहण और ज्ञान जागरूकता (SANKALP) योजना
- युवा, आगामी और बहुमुखी लेखक (युवा) योजना
- कौशलाचार्य पुरस्कार
- ‘स्कीम फॉर हायर एजुकेशन यूथ इन अप्रेंटिसशिप एंड स्किल्स’ अथवा ‘श्रेयस’
- आत्मनिर्भर कुशल कर्मचारी नियोक्ता मानचित्रण (असीम)
- कौशल प्रमाणन

विगत वर्षों के प्रश्न

प्रश्न. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2018)

1. यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय की फ्लैगशिप स्कीम है।
2. यह अन्य चीज़ों के साथ-साथ, सॉफ्ट स्किल, उद्यमवृत्ति, वित्तीय और डिजिटल साक्षरता में भी प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगी।
3. यह देश के अविनियमित कार्यबल की कार्यकुशलता को राष्ट्रीय योग्यता ढाँचे (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) के साथ जोड़ेगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (c)

- **व्याख्या:** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (MSDE), भारत सरकार ने वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) शुरू की थी।
    - इस कौशल प्रमाणन योजना का उद्देश्य बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को उद्योग से संबंधित कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना था, जो उन्हें बेहतर आजीविका हासिल करने में मदद करेगी।

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tejas-skilling-project